दिनांकः 22.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

जोधपुर शहर के सरकारी पावटा जिला अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन के बाद तबीयत बिगड़ने वाली आठ प्रसूताओं में से दो की हालत गंभीर बनी हुई हैं चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जयपुर में पत्रकारों को बताया कि इनमें से से छह प्रसूताओं की स्थिति सामान्य हैं वहीं एक को एम्स में भर्ती कराया गया हैं

....

ये मामला सामने आने के बाद, अस्पताल प्रशासन ने संबंधित ऑपरेशन थिएटर को सीज कर दिया हैं संक्रमण के कारणों का पता लगाने के लिए ऑपरेशन थिएटर में उपयोग किए गए उपकरणों, दवाओं और अन्य व्यवस्थाओं की जांच की जा रही हैं

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अपार सफलता इस बात का प्रमाण है कि योग न केवल विश्वभर में लाखों लोगों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद कर रहा है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास के साथ सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित भी कर रहा हैं सोशल मीडिया पर एक संस्कृत श्लोक साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि योग मन को पूरी तरह शांत करने का साधन हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि मन को शांत करना और श्वास प्रवाह को नियमित करना इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं

....

अमरीका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में वार्ता समाप्त होने के बाद आज कच्चे तेल की वैश्विक कीमत में तीन प्रतिशत तक की तीव्र गिरावट दर्ज की गई इससे आपूर्ति बाधा को लेकर चिंताएं समाप्त होने और ईरान के तेल निर्यातों में वृद्धि की आशा बढ़ गई हैं अंतर्राष्ट्रीय ब्रेंट क्रूड की कीमत प्रति बैरल में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ लगभग 79 डॉलर पर आ गई

....

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में जैसलमेर से गिरफ्तार मुश्ताक अली को आज जयपुर की एक अदालत ने तीन दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया हैं पांच दिन की रिमांड पूरी होने पर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया थां पुलिस ने कॉल डिटेल और बैंक खातों की विस्तृत जांच के लिए अदालत से रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की थी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया हैं पुलिस के अनुसार मुश्ताक पिछले दो साल से पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में था और खूफिया जानकारी पाकिस्तानी एजेंटों के साथ साझा करता थां

....

प्रदेश में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष यातायात अभियान के तहत 1 लाख 37 हजार से अधिक वाहनों पर कार्रवाई की गई हैं चार से 20 जून तक चले इस अभियान में सबसे ज्यादा शिकंजा अवैध काली फिल्म वाले वाहनों पर कसा गयां इसके तहत 51 हजार से अधिक वाहनों से काली फिल्म हटवाई गई साथ ही, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, अनधिकृत चिन्ह, लाल–नीली बत्ती और प्रेशर हॉर्न के मामलों में भी सख्त कार्रवाई हुई यातायात महानिदेशक अनिल पालीवाल ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य चालान काटना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना हैं जिलेवार कार्रवाई में जयपुर पश्चिम सबसे अव्वल रहां

....

प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच आमजन को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए राज्य सरकार के विशेष अभियानों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा चलाए गए नौ विशेष अभियानों के तहत 24 हजार से अधिक पेयजल समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया हैं 5 अप्रैल से 20 जून तक चले इन अभियानों में 5 हजार से अधिक खराब

हैंडपंपों की मरम्मत, पाइपलाइन लीकेज दुरुस्त करने और बाधित जलापूर्ति बहाल कर लाखों लोगों को बड़ी राहत पहुंचाई गई हैं पिछले सप्ताह इस अभियान के दौरान एक ही दिन में 2 हजार 385 पेयजल समस्याओं का निस्तारण किया गयां

....

प्रदेश में मौसम के मिज़ाज में बदलाव का दौर जारी हैं मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कहीं–कहीं मेघगर्जन और झोंकेदार हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई सबसे अधिक 26 मिलीमीटर बारिश झुंझुनूं और सीकर के रामगढ़ में दर्ज की गई वहीं सर्वाधिक अधिकतम 42 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड किया गयां सबसे कम न्यूनतम तापमान जोधपुर में 30 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस रहां इसके अलावा अलवर, पिलानी और सीकर में न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड हुआं मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 17 जिलों में आंधी–बारिश की चेतावनी जारी की हैं

....